तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	शारदा गोहेल **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353790520453009	

15/07/25

अपीलार्थी शारदा गोहेल निवासी 02, मोहनपुरा ओवर ब्रिज, सूरज मार्केट, अजीत कॉलोनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 04.07.2025 को प्रार्थी की शिकायत प्राप्त होने के पश्चात जिला प्रशासन द्वारा आशापूर्णा बिल्डकॉन लिमिटेड के विरूद्ध की गई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 726 दिनांक 11.07.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्र रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज–जयपुर, आयकर विभाग–जोधपुर, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन आदि से संबंधित होने के फलस्वरूप अपीलार्थी को दिनांक 08.07.2025 को ऑनलाईन सूचित किया जा चुका है कि आप द्वारा चाही गई सूचना एक से अधिक कार्यालयों से संबंधित है चूंकि प्रशासनिक सुधार विभाग जयपुर के परिपत्र दिनांक 12.07.2012 के अनुसार अंतरण मात्र एक स्तर पर ही किया जा सकता है तथा अपीलार्थी संबंधित कार्यालयों में अलग अलग प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सूचना प्राप्त कर सकता है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पश्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.[illegible]8:16:05 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16570751